## Regarding rehabilitation of Dalits and Street Vendors in Bihar

श्री राजेश रंजन **(पूर्णिया):** सभापति महोदया जी, अरोरा गुहा में दलित लोग रहते हैं। वहां लगभग 150 घर-परिवार हैं। वहां पहले से एमएलए फंड से सरकारी सड़क बनी हुई है। उसके बिजली का बिल हम दे रहे हैं। वहां इंदिरा आवास बना दिए गए हैं। छह पुश्त रहने के बावजूद गलत तरीके से बिना कानूनी प्रक्रिया के उन्होंने गांव को उजाड़ दिया। इस तरह बेगूसराय,पटना, पाटलीपुत्रा, डुमरांव, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा और पूर्णिया में सभी जगह गरीब, बेरोजगारों, मिडिल क्लास और गरीब व्यवसायियों की दुकानें उजाड़ी गयीं। कल बेगूसराय में बहुत बुरे तरीके से महादलित और गरीब बस्ती को उजाड़ा गया है, वहां पर लाठी चलायी गयी है, जुर्म किए गए हैं (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, आप भारत सरकार से मांग कीजिए।

श्री राजेश रंजन**:** मैं सरकार और नीतीश कुमार जी से मांग करता हूं कि जब तक उनको आशियाना न दिया जाए, उस पंचायत में पांच डिस्मिल जमीन और जब तक शहर में दुकान न दी जाए, उनके आशियानों तथा फल, सब्जी और चायवाले दुकानदारों को न उजाड़ा जाय। यह मेरी सरकार से मांग है।